तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 15 जून 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

10 शराब पीकर ड्राइविंग, 3 चालकों पर तीस हजार...



10 जिले के 55 पुलिसकर्मियों के तबादले एसपी...



## खबर संक्षेप



### शिविर में 139 पशुओं का उपचार एवं टीकाकरण

**अंतागढ़।** 28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ द्वारा 14 जून को ग्राम कोदागांव में एक व्यापक पशु चिकित्सा सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वाहिनी की टीम ने गांव के 22 ग्रामीणों के कुल 139 पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण, दवा वितरण एवं प्राथमिक उपचार कर उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की। कार्यक्रम के दौरान पशुओं के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक दवाइयां प्रदान की गईं तथा टीकाकरण संबंधी अभिलेख भी तैयार किए गए। सशस्त्र सीमा बल की टीम ने ग्रामीणों को पशु स्वास्थ्य प्रबंधन, समय पर टीकाकरण तथा बीमारियों की रोकथाम के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी।

### कोरर में निः शुल्क छह दिनी योग शिविर 16 से

**धनेलीकन्हार।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पतंजलि योग समिति कोरर द्वारा 16 से 21 जून तक कृषि उपज मंडी प्रांगण कोरर में छह दिवसीय निःशुल्क योगाभ्यास शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रतिदिन सुबह 5 से 7 बजे तक चलेगा, जिसका शुभारंभ ग्राम पंचायत कोरर की सरपंच कंचन ठाकुर करेंगी। योग शिक्षक रामसिंह धनकर एवं बिहारी लाल यदु कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग, प्राणायाम और ध्यान का प्रशिक्षण देंगे। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य सामूहिक योग प्रदर्शन होगा।

**सियासत : सुशासन और जनकल्याण का नया कीर्तिमान स्थापित किया**

# मोदी सरकार के12 वर्ष विकास, विरासत वैश्विक नेतृत्व का स्वर्णिम अध्याय : नीलू

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कांकेर विश्रामगृह में आयोजित प्रेसवार्ता में सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए इसे भारत के इतिहास का स्वर्णिम और ऐतिहासिक कालखंड बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार 12 वर्षों तक देश का नेतृत्व करते हुए विकास, सुशासन और जनकल्याण का नया कीर्तिमान स्थापित किया है।*

**कांकेर में प्रेसवार्ता कर पर्यटन मंडल अध्यक्ष ने गिनाईं केंद्र सरकार की उपलब्धियां**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी स्वयं को प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि प्रधान सेवक मानते हैं और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ 140 करोड़ देशवासियों की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में उभरा है। गरीब कल्याण की दिशा में जनधन योजना के तहत 58 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए, जबकि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की गई। कोरोना काल से अब तक 81 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देशभर में 4 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्के मकान मिले हैं, वहीं उज्ज्वला योजना के माध्यम से 11 करोड़ महिलाओं को गैस कनेक्शन देकर धुएं से मुक्ति दिलाई गई। जल जीवन मिशन के जरिए करोड़ों घरों तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाया गया है तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत करोड़ों शौचालयों का निर्माण कर स्वच्छता को जनआंदोलन बनाया गया है।

▶▶| शेष पेज 10 पर

### सांस्कृतिक और राष्ट्रीय गौरव से जुड़े कार्यों किया उल्लेख

*प्रेसवार्ता में उन्होंने सांस्कृतिक और राष्ट्रीय गौरव से जुड़े कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कर्तव्य पथ, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, नए संसद भवन, पंचतीर्थ, जनजातीय गौरव दिवस और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जैसे कदमों ने देश की सांस्कृतिक चेतना को नई पहचान दी है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, हर घर तिरंगा और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों ने देशवासियों को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य किया है।*

## दूध नदी की निर्मलता के लिए समाजसेवी जुटे



*कांकेर। शहर की जीवनरेखा मानी जाने वाली दूध नदी को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से समाजसेवी संस्था जन सहयोग के सदस्यों ने रविवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के तहत दूध नदी पुल के नीचे तथा पुरानी बाजार के पीछे नदी क्षेत्र में जमा कचरे की सफाई कर उसका मौके पर ही निपटारा किया गया। संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने कहा कि जन सहयोग के सदस्य कई वर्षों से लगातार स्वच्छता अभियान चला रहे हैं।*

▶▶| शेष पेज 10 पर

## 28वीं वाहिनी अंतागढ़ के शिविर में 31 जवानों ने किया रक्तदान

**अंतागढ़।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर 28वीं वाहिनी अंतागढ़ के चिकित्सालय एवं जिला अस्पताल कांकेर के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वाहिनी के 31 जवानों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान शिविर का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराना था। शिविर के दौरान मेडिकल टीम एवं विशेषज्ञ



स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में सभी जवानों का सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया गया। प्रत्येक रक्तदाता का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद ही रक्तदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद लोगों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समाज के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सेवा भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर अधिकारियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नियमित रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों को जीवनदान मिलता है, बल्कि समाज में मानवता और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है।

▶▶| शेष पेज 10 पर

**डीजल की किल्लत**

## किसानी संकट में, ट्रैक्टर संचालकों की बढ़ी परेशानी



*पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें, किस्त चुकाने और खेती कार्य प्रभावित होने से किसान परेशान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र में डीजल संकट गहराता जा रहा है। जिन खेतों में इस समय ट्रैक्टरों की गूंज सुनाई देनी चाहिए थी, वहां किसान और ट्रैक्टर संचालक डीजल की तलाश में पेट्रोल पंपों की कतारों में खड़े नजर आ रहे हैं। चारामा सहित लखनपुरी, धमतरी और राजधानी रायपुर के आसपास के कई पेट्रोल पंपों में डीजल और पेट्रोल की कमी से किसानों एवं वाहन संचालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि खेती के महत्वपूर्ण सीजन में पर्याप्त डीजल नहीं मिलने से जुताई और बुवाई जैसे कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। स्थिति यह है कि कई किसानों को घंटों इंतजार करने के बाद भी जरूरत के मुताबिक डीजल नहीं मिल पा रहा है। इस बीच प्रशासन द्वारा जारी उस व्यवस्था को लेकर भी किसानों में नाराजगी देखी जा रही है, जिसके तहत ट्रैक्टर के लिए डीजल लेने ट्रैक्टर या उसका इंजन पेट्रोल पंप तक लाना आवश्यक बताया गया है। किसानों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों से 10 से 15 किमी दूर स्थित पेट्रोल पंप तक ट्रैक्टर लाने में समय और अतिरिक्त डीजल दोनों की खपत होती है।

▶▶| शेष पेज 10 पर

### सीजन में प्रतिदिन 5 से 7 हजार तक के डीजल की आवश्यकता

*डीजल संकट का सबसे अधिक असर ट्रैक्टर संचालकों पर पड़ रहा है। ट्रैक्टर मालिकों का कहना है कि अधिकांश ट्रैक्टर बैंक ऋण या फाइनेंस पर खरीदे गए हैं। खेती के सीजन में प्रतिदिन 5 से 7 हजार रुपये तक के डीजल की आवश्यकता होती है, लेकिन सीमित मात्रा में ईंधन मिलने से ट्रैक्टर पूरे दिन काम नहीं कर पा रहे हैं। इससे आय प्रभावित हो रही है और बैंक की मासिक किस्त जमा करने में भी परेशानी आने लगी है।*



## खबर संक्षेप

### घायल युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत ग्राम हाटकर्रा निवासी 24 वर्षीय फुलेश्वर कश्यप पिता तीजूराम कश्यप को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आने की वजह से मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक 24 मई को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था, इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत सड़कपारा पुरियारा निवासी 70 वर्षीय कचरू राम पिता स्व. चैनसिंग कुंजाम ने घर में फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 13 जून को घर के अंदर म्यार में फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### केशकाल नपं के मुख्य नपा अधिकारी होंगे चंदेल

**केशकाल।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने रविवार को राज्य के विभिन्न नगर निकायों में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के तबादले का आदेश जारी किए है। जारी सूची में स्थानीय नगर पंचायत से जुड़े अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं। जारी आदेश में नगर पालिका कोंडागांव में पदस्थ प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी (राजस्व निरीक्षक) देवेश चंदेल का तबादला कर उन्हें नगर पंचायत केशकाल का प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी बनाया गया है। वहीं केशकाल नगर पंचायत में प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में कार्यरत नामेश्वर कुमार कावड़े को नगर पालिका परिषद बड़ेबचेली स्थानांतरित किया गया है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि वे अपने मूल पद सहायक ग्रेड-02 पर वापस जाएंगे।

### जनकल्याणकारी योजनाओं से रूबरू हो रहे नागरिक



**कोण्डागांव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शहर में आयोजित तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। 12 से 14 जून तक बंधा तालाब गार्डन के सामने आयोजित इस प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचकर केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। प्रदर्शनी में छायाचित्रों एवं एलईडी स्क्रीन के जरिए पिछले 12 वर्षो् में संचालित प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को प्रदर्शित किया गया है। आगंतुकों को योजनाओं के उद्देश्य, लाभ और समाज पर उनके प्रभाव की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रदर्शनी में लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, डिजिटल इंडिया, विकसित भारत संकल्प, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सहित अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। साथ ही वित्तीय समावेशन, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा और आधारभूत संरचना विकास से जुड़े कार्यों की झलक भी प्रस्तुत की गई है। प्रदर्शनी में आने वाले नागरिकों को जनमन पत्रिका का वितरण भी किया जा रहा है। इसके अलावा शासकीय योजनाओं पर आधारित रोचक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कर लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को यह संदेश दिया जा रहा है कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं ने देशभर में करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आयोजन स्थल पर नागरिक उत्साहपूर्वक प्रदर्शनी का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

# मातृ वंदना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रभावी संचालन एवं हितग्राहियों तक समयबद्ध लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में योजना के पंजीयन, सत्यापन, भुगतान प्रक्रिया एवं ऑनलाइन पोर्टल संचालन संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, ताकि पात्र महिलाओं को पारदर्शी तरीके से लाभ मिल सके।

**मास्टर ट्रेनरों ने समझाई पात्रता और प्रक्रिया** – कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने योजना की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, किस्त भुगतान प्रक्रिया और पोर्टल पर डेटा प्रविष्टि की जानकारी दी। साथ ही सुपरवाइजर एवं ऑपरेटरों की जिम्मेदारियों पर भी प्रकाश डाला गया।

**बायोमेट्रिक सत्यापन और समस्या समाधान पर जोर** – प्रशिक्षण में बायोमेट्रिक सत्यापन, जांच प्रक्रिया, शिकायत निवारण एवं पोर्टल संचालन से जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं के समाधान पर विशेष चर्चा की गई।

**मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को मिलेगा लाभ** – योजना का उद्देश्य गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर स्वास्थ्य संबंधी बेहतर व्यवहार को बढ़ावा देना है। दूसरी संतान के रूप में बालिका जन्म पर अतिरिक्त सहायता राशि भी प्रदान की जाती है।

### पंजीयन से भुगतान प्रक्रिया तक की दी गई जानकारी



#### पोर्टल संचालन का कराया गया व्यावहारिक अभ्यास

प्रतिभागियों को पोर्टल संचालन का हैंड्स–ऑन प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे योजना के क्रियान्वयन में आने वाली तकनीकी चुनौतियों का बेहतर समाधान कर सकें।

#### बेहतर क्रियान्वयन की जताई उम्मीद

प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागियों से फीडबैक लिया गया। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि प्रशिक्षण से योजना के संचालन में गुणवत्ता, पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी तथा अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को लाभ मिल सकेगा।

**प्रशासन : जितेंद्र गुप्ता को दुर्गूकोंदल और रमेश जायसवाल को लोहत्तर का प्रभार**

# जिले के 55 पुलिसकर्मियों के तबादले एसपी निखिल की प्रशासनिक सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

*कांकेर पुलिस विभाग में एसपी निखिल राखेचा ने बड़ा फेरबदल किया है। जिले में पदस्थ 12 निरीक्षक समेत 55 पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया है। हाल ही में राष्ट्रपति के हाथों शौर्य चक्र से सम्मानित होने वाले लक्ष्मण केवंट को अब पखांजूर की जगह कोरर थाना का प्रभारी बनाया गया है, वही तेज वर्मा को अब पखांजूर थाना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वही कोरर थाना प्रभारी जितेंद्र गुप्ता को दुर्गुकोंदल थाना का प्रभारी बनाया गया है। हाल ही में पत्रकारों से विवाद में घिरे अंतागढ़ में पदस्थ रहे थाना प्रभारी रमेश जायसवाल को लोहत्तर थाना भेजा गया है।*

निरी तेज कुमार वर्मा प्रभारी नियंत्रण कक्ष कांकेर से थाना प्रभारी पखांजूर, निरी प्रहलाद यादव थाना प्रभारी दुर्गुकोंदल से थाना प्रभारी अंतागढ़, निरि लक्ष्मण केंवट थाना प्रभारी पखांजूर से थाना प्रभारी कोरर, निरी जितेंद्र गुप्ता थाना प्रभारी कोरर से थाना प्रभारी दुर्गुकोंदल, निरी रमेश कुमार जायसवाल थाना प्रभारी अंतागढ़ से थाना प्रभारी लोहत्तर, निरी संजय शिंदे थाना प्रभारी कोड़ेकुर्स से थाना प्रभारी आमाबेड़ा, निरी विनोद साहू थाना प्रभारी आमाबेड़ा से थाना प्रभारी कोड़ेकुर्स, निरी रामजी तारमे रक्षित केन्द्र कांकेर से प्रभारी नियंत्रण कक्ष कांकेर, निरी मनोरमा कुरें प्रभारी जिविशा कांकेर से प्रभारी महिला सेल कांकेर, निरि मनीष नेताम रक्षित केन्द्र कांकेर से प्रभारी जिविशा कांकेर, निरि मनोज कौशिक रक्षित केन्द्र कांकेर से थाना प्रभारी बड़गाँव, निरि अच्युतचंद्र तिवारी थाना प्रभारी बड़गाँव से रक्षित केन्द्र कांकेर, उनि लक्ष्मीनारायण नामदेव थाना प्रभारी लोहत्तर से थाना कोरर, उनि रमेश मरकाम थाना नरहरपुर से रक्षित केन्द्र कांकेर, सउनि कमलेश साहू रक्षित केन्द्र कांकेर से थाना बान्दे, सउनि बीरसिंह ठाकुर रक्षित केन्द्र कांकेर से थाना कोरर, सउनि पुरुषोत्तम कतलम रक्षित केन्द्र कांकेर से सायबर सेल, कांकेर, सउनि टीकमदास सोने थाना चारामा से संबद्ध रक्षित केन्द्र कांकेर, प्र मुकुन्द्र मडावी चौकी दुधावा से चौकी हल्बा, प्रआर फलेश्वर कुदराम थाना कांकेर से रक्षित केन्द्र कांकेर, प्रआर नारद देवांगन थाना बन्दे संबद्ध इंडिगो टीम से सायबर सेल, कांकेर, प्रआर रजमन केमरो थाना आमाबेड़ा हाल रके कांकेर से थाना ताड़ोकी, आर सौरभ सलाम थाना गोण्डाहूर से चौकी हल्बा, आर खुमेश कुमार जैन थाना कांकेर से थाना ताड़ोकी, आर तुलसी राम थाना गोण्डाहूर संचद्ध डीआरजी पखांजूर बी टीम (जगुवार) से थाना कोरर, आर दीप्क वड्डे थाना चारामा से थाना भानुप्रतापपुर, आर घनश्याम नाग थाना आमाबेड़ा से रक्षित केन्द्र कांकेर, आर नंद किशोर सिन्हा थाना बड़गाँव से रक्षित केन्द्र कांकेर, आर विजय कुमार नेताम रक्षित केन्द्र कांकेर से थाना कोड़ेकुर्स, आर प्यारेलाल नेताम थाना कांकेर से चौकी दमकसा, आर थलेश्वर जैन थाना कांकेर से थाना रावघाट, आर हरवंश कुमेटी थाना दुर्गुकोंदल से थाना सरोना, आर रजिश कुमार कावड़े थाना भानुप्रतापपुर से थाना कोरर, आर पुनम लाल सहू थाना बान्दे से रक्षित केन्द्र कांकेर, आर पुष्कर शांडिल्य थाना कांकेर से चौकी दुधावा, आर चैतन्य नेताम थाना अंतागढ़ से रक्षित केन्द्र कांकेर, आर भीखम राम थाना छोटेबेठिया से कार्याअतिपुअ पखांजूर, आर रामेश्वर प्रसाद कोड़ोपी थाना चारामा से थाना गोण्डाहूर, आर गजानंद हिड़को थाना बान्दे से थाना ताड़ोकी, आर मो रिजवान कुरैशी रक्षित केन्द्र कांकेर से थाना पखांजूर, म.आर पननरेखा कोसो (कोमरे) थाना भानुप्रतापपुर से यातायात शाखा भानुप्रतापपुर , म.आर दिव्या नेताम रक्षित केन्द्र कांकेर से चौकी हल्बा, म.आर पुजा तुमरेटी रक्षित केन्द्र कांकेर से नियंत्रण कक्ष कांकेर, म.आर चद्रिका वड्डे (जयते) थाना चारामा से थाना भानुप्रतापपुर, म.आर कंचन मंडावी थाना पखांजूर से थाना सरोना, आर नंद कुमार शोरी थाना कोरर से रक्षित केन्द्र कांकेर, आर पुनम चंद थाना बान्दे से थाना सिकसोड़, मआर रविना शोरी थाना ताड़ोकी से थाना कोरर, मआर रत्नु निषाद थाना पखांजूर से थाना अजाक, आर. डीएसएफ विजय कुमार कोमरा चौकी कच्चे से थाना भानुप्रतापपुर, आर. डीएसएफ भुनेश्वर मरकाम थाना ताड़ोकी से थाना दुर्गुकोंदल, आर. डीएसएफ प्रेम लाल कोरेटी थाना ताड़ोकी से थाना दुर्गुकोंदल, आर.डीएसएफ राजेश कुमार सिन्हा थाना कोयलीबेड़ा से थाना भानुप्रतापपुर, आर. डीएसएफ मेनुराम कोमरे डीआरजी जगुवार टीम से थाना दुर्गुकोडल, आर. डीएसएफ मिनिस्ट्री पाण्डे रक्षित केन्द्र कांकेर से थाना कांकेर किया गया है।

### शौर्य चक्र से सम्मानित लक्ष्मण केवंट कोरर थाना प्रभारी




# टेकमीटोला जंगल की सर्चिंग में 5 किलो का कुकर आईईडी बरामद, किया निष्क्रिय



जिला पुलिस बीएसएफ बीडीएस टीम की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिले के नक्सल प्रभावित सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने ग्राम टेकमीटोला के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में संयुक्त सर्चिंग अभियान के दौरान लगभग 5 किग्रा वजनी प्रेशर कुकर आईईडी बरामद किया। उसके उपरांत बीडीएस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही विस्फोटक को सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज कर नष्ट कर दिया, जिससे संभावित जनहानि और सुरक्षा बलों को होने वाले नुकसान को टाल दिया गया। जानकारी के अनुसार बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पीके निर्देशन, डीआईजी बीएसएफ भानुप्रतापपुर दीपक तिवारी, कांकेर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा तथा 94वीं वाहिनी बीएसएफ बांदे के सेनानी रविन्द्र सिंह चंदेल के मार्गदर्शन में जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार सर्चिंग किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत रविवार 14 जून को थाना छोटेबेठिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेकमीटोला के जंगल-पहाड़ी इलाके में जिला पुलिस, बीएसएफ और बम निष्क्रियकरण दस्ता (बीडीएस) की संयुक्त टीम सर्चिंग पर निकली थी। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को संदिग्ध वस्तु दिखाई दी, जिसकी जांच करने पर वह लगभग 5 किग्रा वजनी प्रेशर कुकर आईईडी निकला। सुरक्षा बलों ने तत्काल क्षेत्र की घेराबंदी कर सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए और बीडीएस टीम को सक्रिय किया। बीडीएस टीम ने अत्यंत सावधानी और तकनीकी दक्षता के साथ आईईडी को मौके पर ही निष्क्रिय कर नष्ट कर दिया।

#### सर्चिंग लगातार जारी रहेंगी

*कांकेर पुलिस ने बताया कि नक्सल प्रभावित सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा लगातार संयुक्त अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं । क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सघन सर्चिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।*

# ओडारगांव में साइबर अपराधों से बचाव के लिए पुलिस ने दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिले में संचालित "सहयोग चौपाल" अभियान के तहत थाना अनंतपुर क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम ओडारगांव में विशेष चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर सुनकर उनका समाधान करना तथा कानून, सुरक्षा और साइबर अपराधों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना था।

पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुश्री स्निग्धा सलामे के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी गोपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में आयोजित चौपाल में ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच, गायता, पुजारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर गांव की समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि फिलहाल गांव में जमीन विवाद, अतिक्रमण या अन्य गंभीर कानून–व्यवस्था संबंधी कोई समस्या नहीं है। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क करते हुए बताया कि किसी भी व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, पासवर्ड या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करें। अनजान लिंक पर क्लिक करने, सोशल मीडिया पर आधार कार्ड, बैंक पासबुक या अन्य निजी दस्तावेज अपलोड करने से बचने की सलाह दी गई।

#### बाल विवाह, पॉक्सो कानून यातायात संबंधी नियमों की भी दी जानकारी

*चौपाल में नाबालिगों के बाल विवाह पर रोक, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों तथा यातायात नियमों की भी जानकारी दी गई। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने तथा वाहन के वैध दस्तावेज और ड्राइविंग लाइसेंस रखने के महत्व पर जोर दिया गया। इसके अलावा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए डायल 112 सेवा के उपयोग की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई।*

# शराब पीकर ड्राइविंग, 3 चालकों पर तीस हजार रुपए का जुर्माना



**दुर्गुकोंदल।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दुर्गुकोंदल पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शराब के नशे में वाहन चलाने वाले तीन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। पुलिस द्वारा की गई जांच में तीनों चालक नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने मामले की सुनवाई के बाद प्रत्येक चालक पर 10-10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया। थाना दुर्गुकोंदल क्षेत्र में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना प्रभारी प्रहलाद यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान संदिग्ध चालकों का ब्रेथ एनालाइजर से परीक्षण किया गया। अभियान के दौरान पिकअप वाहन चालक 27 वर्ष रमेश जैन निवासी नाहगीदा थाना बड़गांव तथा 32 वर्ष सुकेश मडावी निवासी भानुप्रतापपुर को शराब सेवन करने के बाद वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। वहीं मेटाडोर क्रमांक एमपी 20 ज़ेडएच 2421 के चालक 46 वर्ष मोहम्मद मुख्तार निवासी इस्लामनगर सुपेला, भिलाई भी नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए।

# धनोरा के बस्तर मुन्ने-सुशासन तिहार में पहुंचे सांसद भोजराज

**कोण्डागांव।** सुशासन तिहार एवं बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के तहत जिले का अंतिम जिला स्तरीय शिविर जनपद पंचायत केशकाल के ग्राम पंचायत धनोरा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांकेर सांसद भोजराज नाग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया तथा स्वी—तियां एवं सामग्री का वितरण किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

**शहर के व्यस्त क्षेत्र में बनी समस्या, जिम्मेदार विभाग नहीं दे रहा ध्यान**

# एसबीआई की मुख्य शाखा के सामने अव्यवस्थित पार्किंग से यातायात ठप

*शहर के प्रमुख व्यावसायिक एवं बैंकिंग क्षेत्र में स्थित एसबीआई मुख्य शाखा के सामने इन दिनों अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। बैंक परिसर के आसपास वाहनों को व्यवस्थित रूप से खड़ा करने की कोई स्पष्ट व्यवस्था दिखाई नहीं दे रही है, जिसके कारण लोग अपनी दोपहिया एवं अन्य वाहन मनमाने तरीके से सड़क किनारे और मार्ग के बीचों-बीच खड़े कर रहे हैं। इससे न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है, बल्कि राहगीरों और बैंक आने-जाने वाले ग्राहकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




शहर के महत्वपूर्ण क्षेत्र में स्थित एसबीआई मुख्य शाखा के सामने अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या अब आम लोगों की परेशानी का कारण बन चुकी है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ग्राहक एसबीआई मुख्य शाखा पहुंचते हैं। बैंक के सामने पार्किंग स्थल का अभाव होने तथा उचित दिशा-निर्देश नहीं होने के कारण वाहन चालक जहां जगह मिलती है, वहीं अपने वाहन खड़े कर देते हैं। स्थिति यह है कि सड़क का एक बड़ा हिस्सा वाहनों से घिर जाता है, जिससे पैदल चलने वालों के लिए भी पर्याप्त स्थान नहीं बचता। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बैंक के सामने अक्सर वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलती हैं। कई बार दोपहिया वाहन इस प्रकार खड़े कर दिए जाते हैं कि अन्य वाहनों के निकलने का रास्ता भी बाधित हो जाता है। व्यस्त समय में यहां जाम जैसी स्थिति बन जाती है, जिससे लोगों का समय भी बर्बाद होता है और दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। क्षेत्र के व्यापारियों और नागरिकों ने बताया कि बैंक के आसपास कई महत्वपूर्ण संस्थान एवं प्रतिष्ठान मौजूद हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है।

#### सुव्यवस्थित पार्किंग की मांग

*नागरिकों ने प्रशासन, नगर पालिका तथा यातायात विभाग से मांग की है कि एसबीआई मुख्य शाखा के सामने सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और साथ ही सड़क किनारे पार्किंग के लिए निर्धारित स्थान चिन्हित किए जाएं तथा यातायात कर्मियों की नियमित तैनाती की जाए, ताकि लोगों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके।*

## पेज 9 के शेष

**मोदी सरकार के12 वर्ष विकास...**

किसानों के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 4.3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की सहायता राशि सीधे भेजी गई है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से सस्ते ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लखपति दीदी योजना, सुकन्या समृद्धि योजना तथा विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से आर्थिक मजबूती प्रदान की गई है। वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जी-20 की सफल अध्यक्षता, वैक्सीन मैत्री अभियान, विदेशी निवेश में वृद्धि और अनेक देशों के साथ व्यापारिक समझौतों ने भारत की विश्वसनीयता को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश के इतिहास में सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का गौरव प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों परिवारों को आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं तथा रेलवे और बुनियादी ढांचे के विकास पर हजारों करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, दिलीप जायसवाल, राजा पांडे, जितेंद्र मरकाम, संजय सिंहा, हालदार साहू सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**डीजल की किल्लत...**

इसके बाद भी कई घंटे कतार में खड़ा रहना पड़ता है। किसानों ने प्रशासन से इस व्यवस्था में राहत देने और पूर्व की तरह निर्धारित प्रक्रिया के तहत डिब्बों में डीजल उपलब्ध कराने की मांग की है। डीजल की कमी और बढ़ती लागत का असर कृषि कार्यों की दरों पर भी दिखाई देने लगा है। ट्रैक्टर संचालकों के अनुसार परिचालन खर्च बढ़ने के कारण जुताई की दरों में वृद्धि करनी पड़ रही है, जिसका सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। पंप संचालकों का कहना है कि उन्हें ऊपर से सीमित मात्रा में ही डीजल की आपूर्ति मिल रही है। इधर किसानों और ट्रैक्टर संचालकों ने मांग की है कि जल्द से जल्द ईंधन आपूर्ति सामान्य की जाए तथा खेती-किसानी के कार्यों को प्रभावित होने से बचाने के लिए विशेष व्यवस्था की जाए, अन्यथा आंदोलन का रास्ता अपनाने पर विचार किया जाएगा।

**दूध नदी की निर्मलता...**

लेकिन नदी किनारे रहने वाले लोगों और दुकानदारों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे नदी में कचरा न डालें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। अभियान में धर्मेंद्र देव, प्रवीण गुप्ता, राजेश चौहान, शैलेंद्र देहारी, पप्पू साहू, अमृत जवरानी, दीपक देहारी, बहादुर निषाद, अजय पांडे सहित कई युवाओं ने कड़ी श्रमदान कर स्वच्छता कार्य किया।

**28वीं वाहिनी अंतागढ़ के...**

शिविर की सफलता में चिकित्सालय स्टाफ और जिला अस्पताल कांकेर की मेडिकल टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे, जिससे रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ेगी और जरूरत पड़ने पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 को

**बीजापुर।** नशापान की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण तथा समाज में नशामुक्ति के पक्ष में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नशापान की रोकथाम के लिए समुदाय में जागरूकता सृजित करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं युवा कल्याण, महिला एवं बाल विकास, जनसंपर्क, पंचायत, आबकारी तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर गठित भारत माता वाहिनी के माध्यम से नशामुक्ति संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों के दौरान नशा पीड़ति व्यक्तियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर उन्हें नशापान के दुष्परिणामों की जानकारी दी जाएगी तथा नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अभियान के तहत सोशल मीडिया पर प्रेरक स्लोगन, संदेश एवं चित्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही योगाचार्यों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित कर योग के माध्यम से नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा।

### एकलव्य विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की भर्ती

**जगदलपुर।** जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत अतिथि शिक्षकों के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए प्रयास आवासीय विद्यालय धुरगुड़ा में 30 जून को प्रातः 9 बजे से संध्या 7 बजे तक वाक इन इंटरव्यू आयोजित की जाएगी। इस साक्षात्कार में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी गूगल फार्म के माध्यम से 21 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

# पगडंडियों और जंगली कच्चे रास्तों से मुक्ति, अब एंचोडा तक दौड़ेगी विकास की गाड़ी

## चार पुलियों के साथ तैयार हो रही 8.50 किमी सड़क, जून में काम होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

भोपालपटनम विकासखण्ड के अंतर्गत एल-051 टी-05 से एंचोडा तक 8.50 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य ग्रामीणों के लिए विकास की नई राह लेकर आया है। वर्ष 2018-19 में स्वीकृत इस परियोजना के तहत 8.50 किलोमीटर मिट्टीकरण एवं मुरूमीकरण सड़क के साथ 4 पुलियों का निर्माण किया गया है। कार्य अंतिम चरण में है और जून माह में पूर्ण होने की संभावना है। सड़क निर्माण से पहले एंचोडा और आसपास के ग्रामीणों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए पगडंडियों, जंगल के रास्तों और कच्चे मार्गों का सहारा लेना पड़ता था।

विशेषकर बरसात के दिनों में कीचड़, गड्ढों और पुल-पुलियों के अभाव के कारण आवागमन लगभग बाधित हो जाता था। स्कूली बच्चों को विद्यालय पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, वहीं मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र तक ले जाना भी चुनौतीपूर्ण था। किसानों को अपनी कृषि उपज बाजार तक पहुंचाने और आवश्यक सामग्री लाने में काफी समय और अतिरिक्त खर्च करना पड़ता था। प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभागीय कर्मचारियों को भी गांवों तक पहुंचने में कठिनाई होती थी, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में विलंब होता था।

### मुख्यालय से सीधा संपर्क

अब सड़क निर्माण के बाद एंचोडा का संपर्क मुख्य मार्ग, बाजार केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र तथा विकासखंड मुख्यालय से सीधे जुड़ गया है। विद्यार्थियों की शिक्षा, किसानों की आजीविका और ग्रामीणों की दैनिक जरूरतों से जुड़े कार्य पहले की तुलना में अधिक सुगम हो गए हैं। कृषि उपज को बाजार तक पहुंचाना आसान हुआ है तथा राशन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए भी कम समय में मुख्यालय तक पहुंचा जा सकता है।



### शासन-प्रशासन की पहुंच बढ़ी

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण से न केवल आवागमन बेहतर हुआ है, बल्कि गांव के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी नई गति मिली है। वहीं शासन-प्रशासन की पहुंच बढ़ने से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी समय पर ग्रामीणों तक पहुंच रहा है। सड़क ने एंचोडा के विकास की राह को और अधिक मजबूत बनाया है।

## बस्तर को सिक्किम की तर्ज पर पूर्ण जैविक बनाने का आह्वान

# आधुनिकता की होड़ में रासायनिक खादों से हम अपनी धरती माता को दे रहे कष्ट : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

खेत बचाओ अभियान तथा जैविक कृषि मेला का गरिमामय आयोजन कुम्हरावंड स्थित शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के सभागार में शुक्रवार को किया गया। इस कार्यक्रम में बस्तर जिले के भारी संख्या में प्रगतिशील किसानों, वैज्ञानिकों और जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक किरण सिंह देव, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप और महापौर संजय पांडे ने किसानों की उन्नति, भूमि संरक्षण और वैकल्पिक कृषि पद्धतियों को अपनाने पर विशेष बल दिया।

- खेत बचाओ अभियान व जैविक कृषि मेला का आयोजन

इस दौरान देव ने आधुनिकता और जल्दी परिणाम पाने की होड़ में डीएपी और यूरिया जैसे रासायनिक ऊर्वरकों के बढ़ते उपयोग पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के खादों से हम अपनी धरती माता को कष्ट दे रहे हैं, जिससे भूमि की ऊर्वरा शक्ति लगातार कम होती जा रही है और यूरिया खेतों को उपजाऊ बनाने के बजाय उन्हें अंदर से जला रहा है। उन्होंने पुराने समय को याद करते हुए साझा किया कि पहले जब हमारे बुजुर्ग केवल गोबर खाद का इस्तेमाल करते थे, तब फसलों और अनाज की खुशबू से पूरा खलिहान और घर महक जाता था। आज इसी रासायनिक असंतुलन के कारण खान-पान और हवा-पानी सब प्रदूषित हो रहा है, जिसका दुष्परिणाम सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है और हार्ट, किडनी, लिवर व फेफड़ों जैसी गंभीर बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं।

इन समस्याओं से निपटने के लिए उन्होंने बस्तर के किसानों से वापस अपनी जड़ों की ओर लौटने और जैविक व प्राकृतिक खेती को अपनाने की पुरजोर अपील की, जो कि बस्तर की असली पहचान भी है। उन्होंने पूर्वोत्तर के छोटे से राज्य सिक्किम का उदाहरण देते हुए कहा कि क्षेत्रफल में हमारा बस्तर सिक्किम से भी बड़ा है और जब वह राज्य 100 प्रतिशत जैविक खेती अपनाकर देश का पहला पूर्ण जैविक राज्य बन सकता है, तो बस्तर भी यह मुकाम हासिल कर सकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के अधिष्ठाता डॉ आरएस नेताम, शहीद डेबरीधुर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के अधिष्ठाता डॉ गणेश नाग, कृषि विभाग के उपसंचालक राजीव श्रीवास्तव और विभागीय अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे।



### मिट्टी संरक्षण ही कृषि की रीढ़

जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप ने कृषि और मिट्टी संरक्षण के गंभीर विषय पर गहन चर्चा की। उन्होंने मिट्टी संरक्षण को कृषि की रीढ़ बताते हुए सचेत किया कि रासायनिक खादों के उपयोग से भूमि की उपजाऊ क्षमता समाप्त हो रही है। उन्होंने किसानों से अधिक उपज की होड़ छोड़ टिकाऊ खेती पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। इसके समाधान के रूप में उन्होंने किसानों को अनिवार्य रूप से वैज्ञानिक तरीके से मृदा परीक्षण (मिट्टी की जांच) कराने और रिपोर्ट के आधार पर ही संतुलित मात्रा में जैविक, हरी व गोबर खाद का उपयोग करने की सलाह दी, जिससे लागत घटेगी और फसलों की गुणवत्ता बेहतर होगी।

### रासायनिक खादों का त्याग कर जैविक खेती अपनाएं किसान

महापौर संजय पाण्डे ने किसानों को राष्ट्र का वास्तविक निर्माता और कृषि को शास्त्रों के अनुसार श्रेष्ठ कर्म बताया। रासायनिक खादों से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहे हानिकारक प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने किसानों को जैविक खेती की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं जैसे पीएम किसान सम्मान निधि और फसल बीमा की सराहना की और कृषि वैज्ञानिकों से अपील की कि वे आधुनिक तकनीकों तथा ज्ञान को सीधे खेत-खलिहानों तक पहुंचाएं ताकि किसान आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर किसानों को मूंग और ढेंचा का बीज भी वितरित किया गया, ताकि खरीफ की बोआई और रोपाई के पहले इन्हें तैयार कर प्राकृतिक खाद के रूप में उपयोग किया जा सके। इसके साथ ही किसानों को रागी बीज का वितरण भी किया गया, ताकि किसान फसल विविधता के लिए प्रोत्साहित हो सकें।

## हितग्राहियों को समय पर मिले लोन और सरकारी योजनाओं का लाभ : कलेक्टर



**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री बैंकर्स समिति की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति, बैंकिंग सेवाओं के विस्तार, किसान क्रेडिट कार्ड वितरण तथा वित्तीय समावेशन से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

- डीएलसीसी की बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

कलेक्टर ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध और प्रभावी रूप से पहुंचाना सभी विभागों एवं बैंकों की संयुक्त जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा 1 जून से 30 जून तक संचालित ''खेत बचाओ अभियान'' के अंतर्गत अधिक से अधिक नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में जिले में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार के लिए कुटरू एवं बासागुड़ा में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की नई शाखाएं खोलने का प्रस्ताव नोडल अधिकारी छोटेलाल यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव, शिकायत निवारण, बैंकिंग जागरूकता अभियान तथा ग्राम पंचायत स्तर पर बैंकिंग सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा भी की गई। बैठक के दौरान बैंक क्रेडिट लिंकेज, स्व-सहायता समूहों के बैंक खातों, समूह बीमा योजनाओं की प्रगति तथा दोहरी प्रमाणीकरण (टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन) की प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई।



## इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति ने किया पूंजीगुड़ा एनीकट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ घाटलोहंगा

इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने जीवनदायिनी इंद्रावती नदी पर स्थित पूंजीगुड़ा एनीकट के प्रस्तावित मरम्मत कार्य स्थल का जमीनी निरीक्षण किया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने एनीकट के विभिन्न हिस्सों का बारीकी से अवलोकन किया और वहां हो रहे पानी के रिसाव (लीकेज) तथा क्षतिग्रस्त हो चुके ढांचों की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान समिति ने जलभराव और सुरक्षा को लेकर संबंधित ठेकेदार को मौके पर ही विभिन्न स्थानों पर हो रहे लीकेज के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। पदाधिकारियों ने कहा कि एनीकट का मरम्मत कार्य पूरी तरह से गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इंद्रावती नदी और उससे जुड़ी सभी जल संरचनाओं का संरक्षण क्षेत्र के पर्यावरण और भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों और निर्माण एजेंसी से मांग की कि एनीकट की मरम्मत का पूरा कार्य निर्धारित सरकारी मानकों के अनुरूप ही सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि पानी का रिसाव पूरी तरह बंद हो सके और जल का सही संचय हो।

# बस्तर में 28 जून को 1.20 लाख बच्चों को पोलियो दवा पिलाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

जिले में आगामी 28 जून को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के सफल संचालन के लिए प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। मंगलवार को कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक हुई । कलेक्टर ने जिला स्तर के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने मैदानी अमले से बेहतर समन्वय स्थापित करें और प्रत्येक स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें ताकि अभियान में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा सके।

- बाजार, मेले, मड़ई, ईंट भट्ठों, भवन निर्माण स्थलों, घुमंतू बस्तियों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों में पिलाई जाएगी खुराक

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने बताया कि 0 से 5 वर्ष की आयु के कुल 120,804 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में 498 बूथ बनाए गए हैं, जिनकी निगरानी के लिए 100 सुपरवाइजर तैनात रहेंगे। इसके साथ ही 1992 टीकाकरण कर्मी, 20 मोबाइल टीमें और 24 ट्रांजिट टीमें मैदान में मुस्तैद रहेंगी। जगदलपुर शहरी क्षेत्र में 72 बूथ स्थापित किए गए हैं। प्रशासन ने इस बार विशेष रणनीति अपनाई है, जिसके तहत बाजार, मेले, मड़ई, ईंट भट्ठों, भवन निर्माण स्थलों, घुमंतू बस्तियों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में मोबाइल टीमें सक्रिय रूप से तैनात रहेंगी ताकि वहां आने-जाने वाले हर एक बच्चे को पोलियो की खुराक मिलना सुनिश्चित किया जा सके।

### भारत में एक भी पॉजिटिव मामला नहीं

भारत में वर्तमान में पोलियो का कोई भी पॉजिटिव मामला नहीं है और देश में 2011 से छत्तीसगढ़ में 2002 से तथा बस्तर जिले में 1996 से पोलियो का कोई भी नया प्रकरण सामने नहीं आया है। लेकिन खतरा पूरी तरह टला नहीं है। पड़ोसी देशों, विशेषकर पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अभी भी पोलियो के पॉजिटिव केस लगातार मिल रहे हैं, जिसके कारण हमारे देश पर भी संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है।

### 3 दिन पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

पूरे भारत वर्ष में 28 जून को निर्धारित बूथों पर और इसके बाद अगले दो दिनों 29 व 30 जून को स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। ताकि पोलियो के विरुद्ध हर्ड इम्युनिटी को मजबूत किया जा सके और वातावरण में मौजूद वाइल्ड पोलियो वायरस को पूरी तरह निष्क्रिय किया जा सके।

## भिक्षावृत्ति और कचरा बीनने वाले बच्चों को रेस्क्यू कर मुख्यधारा से जोड़ेगा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग एवं श्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर जीवन यापन करने को मजबूर बच्चों के संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए विशेष पहल शुरू की गई है। कलेक्टर के निर्देशन में जिले में 1 जून से 30 जून 2026 तक विशेष पुनर्वास अभियान संचालित किया जा रहा है।

- 'बचपन को सड़क नहीं, सुरक्षित भविष्य चाहिए', बाल श्रम और भिक्षावृत्ति के खिलाफ अभियान शुरू



अभियान का उद्देश्य बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, कचरा बीनने तथा परिवार से बिछड़े बच्चों की पहचान कर उन्हें तत्काल रेस्क्यू करते हुए सुरक्षा, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन से जोड़ना है। ''बचपन को सड़क नहीं, सुरक्षित भविष्य चाहिए'' थीम पर आधारित इस अभियान के तहत बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है।

अभियान के अंतर्गत सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। रेस्क्यू किए गए बच्चों को बालगृह एवं आश्रय गृहों में प्रवेश, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, शिक्षा तथा मनोवैज्ञानिक परामर्श जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जहां संभव होगा, बच्चों का परिवार से पुनर्मिलन कराया जाएगा, अन्यथा उनके दीर्घकालिक पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि अभियान की सफलता के लिए पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, शिक्षक तथा बीजादूतिर स्वयंसेवकों को मिलाकर 'चिन्हांकन की पंचशक्ति' का गठन किया गया है। यह टीम गांव-गांव सर्वेक्षण कर ऐसे बच्चों की पहचान करेगी जो सड़क पर घूमते, अकेले रहते या भिक्षावृत्ति जैसी गतिविधियों में संलग्न हैं। बाल श्रम, शोषण और मानव तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस, श्रम, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग भी संयुक्त रूप से कार्रवाई करेंगे।

# नौ मंडल में भाजपा किसान मोर्चा की नई टीम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने को भाजपा जिले के 9 मण्डलों में किसान मोर्चा की नई कार्यकारिणी टीम की घोषणा की। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति से जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे ने लोहण्डीगुड़ा, बस्तर, बकावण्ड, सरगीपाल, करपावण्ड, बास्तानार, दरभा, जगदलपुर पूर्वी और पश्चिमी नगर मण्डल में किसान मोर्चा की नवीन कार्यकारिणी घोषित की है।

- जिला अध्यक्ष ने जारी की कार्यकारिणी की सूची

लोहण्डीगुड़ा मण्डल में अध्यक्ष डमरू भारद्वाज, उपाध्यक्ष झितरू कश्यप, सूकडु राम मौर्य, टंकेश्वर बघेल, महामंत्री पंचानन्द पाण्डे व फाल्गुनी पटेल, मंत्री दिनेश पाण्डे, मुरलीधर कश्यप, रैसिंह नाग, कोषाध्यक्ष चेरंगा बघेल, मीडिया प्रभारी ईश्वर बघेल सोशल मीडिया प्रभारी कुमलाल मण्डावी बनाये गये हैं।

बस्तर मण्डल में अध्यक्ष अन्तोराम कश्यप, उपाध्यक्ष नड़गुराम नाग, प्रेम सिंह कश्यप, लखमु कश्यप, महामंत्री नारायण कश्यप व सायातु राम कश्यप, मंत्री भोजसिंह ठाकुर , दिनेश कश्यप, चतुर कश्यप, कोषाध्यक्ष रमेश कश्यप, मीडिया प्रभारी केशव कश्यप व कार्यालय प्रभारी महेश राम कश्यप को बनाया गया है।

बकावण्ड मण्डल में अध्यक्ष उमेश बिसाई, उपाध्यक्ष गंगा बिसाई, मनीराम बघेल, महामंत्री काशीनाथ नायक व जोगी कश्यप, मंत्री कार्तिक कश्यप, डमरू कश्यप, कोषाध्यक्ष सोनसाय कश्यप और मीडिया प्रभारी देवनाथ कश्यप नियुक्त हुए हैं।

सरगीपाल मण्डल में अध्यक्ष नरेन्द्र सेठिया, उपाध्यक्ष चन्दन सिंह बघेल, बलीराम बघेल, महेन्द्र कश्यप, महामंत्री हेमराज कश्यप व तुलसी माली, मंत्री खेमसिंह ठाकुर, बनसाय कश्यप, श्याम दास बघेल, कोषाध्यक्ष गोविंद बिसाई, सह कोषाध्यक्ष दलपति बघेल व सोशल मीडिया प्रभारी बेणुधर नाग बने हैं।

करपावण्ड मण्डल में अध्यक्ष जगन कश्यप, उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम कश्यप, दलगंजन, कुलधर, महामंत्री चन्दन कश्यप व हीराराम बघेल, मंत्री गणेश बघेल, कुमत्ती कोर्राम, पारेश्वर कश्यप, कोषाध्यक्ष कुंजबिहारी बघेल, सह कोषाध्यक्ष जानती बघेल और मीडिया प्रभारी लच्छिननाथ बनाये गये हैं।

बास्तानार मण्डल में अध्यक्ष अर्जुन पोयाम, उपाध्यक्ष बुधराम पोयाम, मंगलु करटाम, बामन मरकाम, महामंत्री बिजा पोड़ियाम व लखमो पोयाम, मंत्री संतोष कश्यप, मुकेश कुमार साहू, पायको बेड़ता, मीडिया प्रभारी रतू मुरामी व कार्यालय प्रभारी बामन मुचाकी नियुक्त किये गये हैं।

दरभा मण्डल में अध्यक्ष अनंत कश्यप, उपाध्यक्ष मयाराम नाग, बलीराम मांझी, लिबरूराम नाग, महामंत्री मंगलूराम व लालाराम नाग, मंत्री गंगाराम कोर्राम, मंगलराम, नीलू राम, कोषाध्यक्ष रामेश्वर नाग, सह कोषाध्यक्ष सामदेव नाग, मीडिया प्रभारी संजू कुमार सेठिया व सह मीडिया प्रभारी सीताराम मौर्य बने हैं।

जगदलपुर पूर्वी नगर मण्डल में अध्यक्ष पप्पू कश्यप, उपाध्यक्ष मोतीराम बघेल, अशोक तिवारी, महामंत्री जी. नागेश्वर राव व अरूण यादव, मंत्री अरविंद मिश्रा, ताकेश्वरी राव, कोषाध्यक्ष हरीश नायडु, सहकोषाध्यक्ष हेमलता ठाकुर, मीडिया प्रभारी सुशील प्रसाद, सोशल मीडिया प्रभारी आदर्श मौर्य और कार्यालय प्रभारी ननकु द्विवेदी बनाये गये हैं।

जगदलपुर पश्चिम नगर मण्डल में अध्यक्ष वेणुधर पाणिग्राही, उपाध्यक्ष टेकसिंह ठाकुर, चन्दन सिन्हा, सुमनी ठाकुर, महामंत्री आनंद मिश्रा व रवि पटनायक, मंत्री कुणाल सूर्यवंशी, गजेन्द्र पगाडे, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र यादव, सहकोषाध्यक्ष श्यामकुमारी यादव, मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र यादव, सोशल मीडिया प्रभारी खिलेन्द्र ठाकुर व कार्यालय प्रभारी सिकन्दर दास बने हैं।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# जिला स्तरीय प्राचार्य फोरम गठित, शिक्षा सुधार और संगठन की मजबूती पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और प्राचार्यों की आवाज को सशक्त मंच देने की दिशा में कांकेर जिले ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिले के सभी प्राचार्यों की सहभागिता से जिला स्तरीय प्राचार्य फोरम का गठन किया गया, जिसमें शिक्षा, संगठन और विद्यालयीन व्यवस्थाओं से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। जिला प्राचार्य फोरम कांकेर के मार्गदर्शन में शनिवार 13 जून को शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरदेव में जिले के समस्त प्राचार्यों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। आयोजित बैठक में आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी, परीक्षा परिणामों में सुधार, विद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने, संगठन को मजबूत करने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा विद्यालयीन समस्याओं के निराकरण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान नरहरपुर के रविप्रकाश मिश्रा ने प्राचार्यों की कार्य स्वतंत्रता का मुद्दा उठाते हुए इसे विचारणीय विषय बताया। वहीं विभिन्न विकासखंडों के प्राचार्यों ने शिक्षा व्यवस्था और संगठन की मजबूती को लेकर अपने विचार साझा किए। वरिष्ठ महिला प्राचार्य ममता गोस्वामी और गीता राठौर ने संगठनात्मक एकजुटता पर विशेष जोर दिया। नवनियुक्त संगठन मंत्री रोशन वर्मा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अकेले बड़े लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता। संगठन की शक्ति से ही समस्याओं का समाधान संभव है। उन्होंने युवा प्राचार्यों से आगे बढ़कर नेतृत्व करने का आह्वान किया। सेजेस अंग्रेजी माध्यम कांकेर की प्राचार्य रचना श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षकों और प्राचार्यों का उद्देश्य पुरस्कार प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य को संवारना होना चाहिए।

### नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर

*कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने कहा कि हम सबसे पहले शिक्षक हैं और विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण की जिम्मेदारी हमारी है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने तथा आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया और साथ ही बेहतर परीक्षा परिणामों के लिए सभी प्राचार्यों को बधाई देते हुए समस्याओं के समाधान के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।*

### बैठक में विद्यालयीन व्यवस्थाओं से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा की



### सर्वसम्मति से हुआ जिला प्राचार्य फोरम का गठन

*बैठक में सर्वसम्मति से जिला स्तरीय प्राचार्य फोरम की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद सहित वरिष्ठ प्राचार्यों को संरक्षक मंडल में शामिल किया गया। टी.एस. ठाकुर को अध्यक्ष तथा देवकरण भास्कर को कार्यवाहक अध्यक्ष चुना गया। रोशन वर्मा को संगठन मंत्री, अमित सक्सेना को सचिव एवं मोहम्मद असलम खान को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।*

## खबर संक्षेप

### हाईवा की टक्कर से एक महिला की मौत, 3 घायल

**कांकेर।** नरहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत साल्हेटोला के पास शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार भीमाडीह निवासी प्रभुराम वट्टी अपनी पत्नी कुमारी बाई वट्टी, दो वर्षीय बच्ची त्रिषा वट्टी तथा रिश्तेदार सुकबती मरकाम के साथ मोटरसाइकिल से साल्हेटोला बाजार जा रहे थे। इसी दौरान साहू सदन के पास पीछे से आ रहे हाईवा क्रमांक सीजी 07 सीएफ 3447 के चालक ने कथित रूप से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार सभी लोग सड़क पर गिर गए। गंभीर रूप से घायल सुकबती मरकाम के सिर के ऊपर से हाईवा का पहिया गुजर जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं प्रभुराम वट्टी, कुमारी बाई वट्टी और दो वर्षीय त्रिषा वट्टी घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद कांकेर अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने हाईवा चालक सुरेन्द्र चतुर्वेदी निवासी बरतोरी, बिल्हा (बिलासपुर) के खिलाफ धारा 281, 125 एवं 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जिपं सदस्य देवेन्द्र ने दिया पानी टैंकर



**भानुप्रतापपुर।** ग्राम पंचायत विनायकपुर में पेयजल समस्या और ग्रामीणों कि मांग पर जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र टेकाम ने पानी टेंकर प्रदाय किया। वर्षों बाद पानी टेंकर मिलने पर ग्रामीणों में खुशी कि लहर, विधि पूर्वक पुजा अर्चना कर लोकार्पण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र टेकाम, सरपंच जैनबती कोला, उपसरपंच सुकनाथ कोर्राम, कुन्ती मंडावी, देवलाल कोला, सहित वार्ड पंच एवं ग्रामीण उपस्थित रहें।

### खाद व बीज दुकानदारों की बैठक पखांजूर थाने में हुई



**पखांजुर।** खरीफ सीजन को देखते हुए खाद एवं बीज की संभावित कमी तथा नकली खाद, दवाईयों एवं कालाबाजारी की आशंका को लेकर थाना पखांजुर परिसर में कृषि खाद-बीज व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुर्रे द्वारा व्यापारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कहा गया कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी दुकानदार खाद एवं बीज बिक्री के दौरान अनिवार्य रूप से जीएसटी बिल प्रदान करें। साथ ही नकली खाद, दवाईयों की बिक्री एवं कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुर्रे ने सभी व्यापारियों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में क्षेत्र के खाद-बीज दुकानदार उपस्थित रहे और प्रशासन को सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

### शार्टकट के चक्कर में भारी वाहन निर्धारित मार्गों पर नहीं चालाए जा रहे

# आयरन ओर परिवहन में मनमानी से सड़कें बदहाल, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यज ▶▶| पखांजुर



सूरजागढ़ माइंस से रायपुर तक कच्चे लोहे (आयरन ओर) के परिवहन को लेकर क्षेत्र में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि जिन भारी वाहनों को निर्धारित मार्ग से गढ़चिरौली-भानुप्रतापपुर-धमतरी होते हुए रायपुर पहुंचना चाहिए, वे कथित तौर पर दूरी और लागत बचाने के लिए अंदरूनी एवं कमजोर सड़कों का उपयोग कर रहे हैं। इससे पखांजूर, मरोड़ा तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही हैं और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार आयरन ओर परिवहन के लिए अधिकृत मार्ग सूरजागढ़-गढ़चिरौली-भानुप्रतापपुर-धमतरी-रायपुर निर्धारित है। इसके बावजूद कई वाहन सूरजागढ़ से जाराबंदी, मरोड़ा, पखांजूर होते हुए भानुप्रतापपुर और फिर रायपुर तक संचालित किए जा रहे हैं। इरपनार-पखांजूर से भानुप्रतापपुर तक स्टेट हाईवे-25 की स्थिति भी पहले से खराब बताई जाती रही है। ऐसे में भारी वाहनों के दबाव से सड़क और अधिक जर्जर होती जा रही है। लोगों का कहना है कि हर वर्ष करोड़ों रुपये खर्च कर मरम्मत कराई जाती है, लेकिन कुछ ही महीनों में सड़क दोबारा खराब हो जाती है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि कई वाहन बिना तिरपाल ढके खनिज परिवहन कर रहे हैं, जिससे धूल का गुबार उड़ता है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। मरीजों, विद्यार्थियों और दैनिक यात्रियों को भी आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में एक वाहन चालक ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया कि परमिट में निर्धारित रूट सूरजागढ़, गढ़चिरौली, मोहला-मानपुर-धमतरी होकर रायपुर तक का है, लेकिन वाहन मालिकों के निर्देश पर दूसरे मार्गों का उपयोग किया जाता है, जिससे उन्हें अधिक लाभ मिलता है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर राकेश कुर्रे ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। माइंस वाहनों के रूट की जांच की जाएगी तथा 12 टन क्षमता वाली सड़क पर चलने वाले वाहनों का धर्मकांटा में वजन कराया जाएगा। यदि ओवरलोड वाहन पाए गए तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से निर्धारित मार्ग पर ही आयरन ओर परिवहन सुनिश्चित करने और नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# 66 लीटर शराब व उपकरण जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



उजियारा अभियान के तहत अवैध शराब के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर आबकारी रेड कर 66 लीटर अवैध महुआ शराब, बिक्री रकम तथा शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री जब्त की है। इस कार्रवाई में दो आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।



पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि ग्राम माकड़ीखुना तथा ग्राम सिंगारभाट डूमरपारा में अवैध रूप से महुआ शराब का निर्माण एवं विक्रय किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस की दो अलग-अलग टीमों ने संबंधित स्थानों पर दबिश दी। रेड के दौरान ग्राम माकड़ीखुना निवासी 46 वर्षीय मुन्नी कावड़े के कब्जे से 60 लीटर देशी महुआ शराब एवं शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्री बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 6 हजार रुपये बताई गई है। वहीं ग्राम सिंगारभाट डूमरपारा निवासी अमर सिंह कुंजाम के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब तथा बिक्री की रकम 100 रुपये जब्त की गई। पुलिस ने दोनों मामलों में कुल 66 लीटर अवैध महुआ शराब, 100 रुपये नकद बिक्री रकम तथा शराब निर्माण सामग्री सहित कुल 6 हजार 700 रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की है। आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 194/2026 एवं 195/2026 के तहत धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

इस कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली कांकेर के उप निरीक्षक मनोरथ जोशी, उप निरीक्षक सोमेन्द्र सिंह, भुनेश्वरी भगत, प्रधान आरक्षक कौशल साहू, महिला प्रधान आरक्षक हितेश्वरी चेलक सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नौकरी के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार, 17 लाख की पूंजी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पुलिस विभाग, कलेक्टोरेट, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य शासकीय विभागों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को चारामा पुलिस ने अपराध दर्ज होने के महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी के कब्जे से लगभग 17 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति भी बरामद की गई है।



■ पुलिस की मुस्तैदी से 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम उड़कुड़ा निवासी यादेश कुमार साहू ने 12 जून को थाना चारामा में शिकायत दर्ज कराई थी कि हटकाचारामा निवासी कैलाश साहू तथा उसकी सहयोगी तरूणा निषाद ने पुलिस विभाग सहित अन्य सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाकर उससे वर्ष 2024 में विभिन्न किस्तों में कुल 1 लाख 76 हजार 980 रुपये लिए थे। नौकरी नहीं लगने और रकम वापस नहीं मिलने पर पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी ने कांकेर सहित अन्य जिलों के कई लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर बड़ी मात्रा में धनराशि वसूली थी। प्रकरण में थाना चारामा में अपराध क्रमांक 124/2026 के तहत धारा 318(4) एवं 111(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। थाना चारामा पुलिस एवं जिला साइबर सेल की संयुक्त टीम ने आरोपी कैलाश साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने कई लोगों से नौकरी लगाने के नाम पर पैसे लेकर ठगी करना स्वीकार किया।

आरोपी ने बताया कि ठगी से प्राप्त रकम का उपयोग इलेक्ट्रॉनिक सामान, फर्नीचर खरीदने और कांकेर के अलबेलापारा स्थित मकान निर्माण में किया गया। वह कांकेर में संचालित अपने कार्यालय से ऑनलाइन प्रशिक्षण गतिविधियां भी संचालित करता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 43 इंच के तीन टीवी, छः कंप्यूटर सेट, मोबाइल फोन, दो सोफा सेट, फ्रिज, चार टेलीफोन सेट, मुद्रा गिनने की मशीन, तीन मॉनिटर, एसी, दो वॉकी-टॉकी, हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर, सोने की अंगूठी, चांदी की चैन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक एवं फर्नीचर सामग्री बरामद की है। इसके अलावा एग्रो प्लस जैविक खाद के 72 कार्टून भी जब्त किए गए हैं। कुल बरामदगी का मूल्य लगभग 17 लाख रुपये बताया गया है। गिरफ्तार आरोपी हटकाचारामा निवासी 34 वर्षीय कैलाश साहू के विरुद्ध पूर्व में भी धोखाधड़ी से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। इनमें थाना कांकेर एवं थाना कुरूद में दर्ज विभिन्न अपराध शामिल हैं। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

## डिजिटल उपस्थिति नहीं लगाने पर रुक सकता हैं जून का वेतन

**दुर्गुकोंदल।** शिक्षा विभाग में प्रशासनिक कार्यों को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बड़ा बदलाव किया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों के लिए ऑनलाइन उपस्थिति और ऑनलाइन अवकाश आवेदन प्रणाली को अनिवार्य कर दिया है। नई व्यवस्था 16 जून 2026 से प्रभावी होगी। जारी निर्देशों के अनुसार अब विभागीय कर्मचारी एवं शिक्षक अपनी उपस्थिति डिजिटल माध्यम से दर्ज करेंगे तथा किसी भी प्रकार के अवकाश के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। विभाग ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को इस व्यवस्था का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। डीपीआई ने स्पष्ट किया है कि ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली का पालन नहीं करने वाले कर्मचारियों और शिक्षकों के जून माह के वेतन भुगतान पर रोक लगाई जा सकती है। विभाग का मानना है कि इस व्यवस्था से कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति की निगरानी आसान होगी तथा अवकाश प्रबंधन में पारदर्शिता आएगी।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, युवती गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



गोंडाहुर मार्ग पर हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

दुर्घटना में किशोर हालदार उम्र 25 वर्ष निवाशी गोंडाहुर कालोनी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं युवती पीव्ही 47 निवासी 26 वर्षीय आशा गाईन पिता सुनील गाईन गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने गोंडाहुर पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई। ग्रामीणों के अनुसार किशोर हालदार पखांजूर से गोंडाहुर कॉलोनी की ओर जा रहा था वहीं युवती अपने गांव पीव्ही 47 से पखांजुर की और जा रही थी, जहां दोनों के वाहनों के बीच भिड़ंत हो गई। युवती का पखांजुर सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने के कारण रेफर कर दिया गया है, वही मृतक किशोर हालदार का पोस्टमार्टम होने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

## मावलीपारा में 9 जुआरी गिरफ्तार, 2500 नकदी बरामद

**कांकेर।** दुधावा पुलिस की रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान जुआ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम मावलीपारा में काट पत्ती नामक जुआ खेलते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 2 हजार 500 नगद, 52 पत्ती ताश और एक प्लास्टिक बोरी जब्त की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 12 जून की रात चौकी दुधावा पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम मावलीपारा के कमारपारा जाने वाले मार्ग पर बाड़ी के पास लगे स्ट्रीट लाइट के नीचे कुछ लोग रुपये-पैसों का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे हैं। जानकारी पर पुलिस टीम मौके पर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर कुछ लोग भागने लगे, लेकिन



मौके से 9 व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम किशोर विश्वकर्मा, लोकेश्वर यादव, अरुण उर्फ रवि कुमार धनेलिया, संजय कुमार विश्वकर्मा, शिवकुमार साहू, राकेश खण्डहा, संदीप कुमार फाफा, सखा राम मरकाम एवं अमर सिंह मंडावी बताए। तलाशी के दौरान आरोपियों के फड़ एवं कब्जे से कुल 2 हजार 500 नगद बरामद हुए। साथ ही जुआ खेलने में प्रयुक्त 52 पत्तों की ताश की गड्डी और एक प्लास्टिक बोरी भी जब्त की गई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की।

## रक्तदान शिविर में डोनरों का हेलमेट देकर सम्मान



**पखांजुर।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर युवा ब्लड डोनर फाउंडेशन द्वारा नया बाजार पखांजुर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और नागरिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा में भागीदारी निभाई। शिविर में रक्तदाताओं के लिए स्वास्थ्य जांच सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। इस दौरान कई युवाओं ने पहली बार रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि इसका उद्देश्य रक्तदान के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के प्रति भी लोगों को जागरूक करना है। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी धीरज, अमित बिस्वास, देवजीत हवलादार, महेश , देवजीत सरकार एवं सम्भु पाल सहित अनेक युवाओं ने रक्तदान किया, शिविर के सफल आयोजन में बस्तर ब्लड बैंक सेंटर का सहयोग रहा।

# नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ाने डीईओ करेंगे स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 से प्रदेश के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में राष्ट्रप्रेम, नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर से जारी आदेश के तहत सभी स्कूलों में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, राज्यगीत सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का नियमित एवं अनिवार्य संचालन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके पालन की



जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारियों को सौंपी गई है।

विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार विद्यालयीन गतिविधियों को तीन अलग-अलग सत्रों में संचालित किया जाएगा। विद्यालय प्रारंभ होने पर आयोजित प्रार्थना सभा में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, दीप मंत्र, सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र तथा महापुरुषों की जीवनी का वाचन अनिवार्य रूप से कराया जाएगा। इससे विद्यार्थियों में अनुशासन, देशभक्ति और प्रेरणादायी विचारों का विकास होगा। मध्यान्ह भोजन के समय विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से भोजन मंत्र का पाठ किया जाएगा। विभाग का मानना है कि इससे बच्चों में भोजन के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और भारतीय संस्कृति के मूल्यों का विकास होगा। वहीं विद्यालय की छुट्टी के समय संध्या सत्र में राज्यगीत, गायत्री मंत्र एवं शांति मंत्र का सामूहिक वाचन कराया जाएगा। विभाग ने निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को नियमित एवं औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी विद्यालय में निर्धारित गतिविधियों का पालन नहीं किया जाता है तो संबंधित प्रबंधन, प्राचार्य अथवा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की जा सकती है। शिक्षा विभाग की यह पहल प्रदेश के विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## 33 वाहिनी ससीब केवटी ने 26 यूनिट रक्तदान किया



**भानुप्रतापपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 33 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल केवटी के चिकित्सालय में वाहिनी एवं जिला अस्पताल कांकेर के चिकित्सकीय टीम के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारियों एवं बलकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्व. इंदिरा गांधी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर को 26 यूनिट रक्त प्रदान किया गया तथा मानवता एवं सेवा भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया । रक्तदान शिविर के दौरान बलकर्मियों ने विशेष उत्साह एवं सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूकता दिखाते हुए रक्तदान महादान के संदेश को जागरूक कर मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। उक्त कार्यक्रम के दौरान वाहिनी के कमांडेंट महोदय द्वारा रक्तदाताओं की सराहना करते हुए यह सन्देश दिया कि रक्तदान न केवल जीवन बचाने का माध्यम है , बल्कि समाज के प्रति हमारी संवेदनशीलता, और सेवा भावना का प्रतीक भी है। यह आयोजन न केवल जनसेवा का प्रतीक है, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने का एक सराहनीय प्रयास भी है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज